Title: Re: Inclusion of certain castes in the list of Scheduled Castes and also take measures to ensure their recruitment in Army.

श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज): सभापति महोदय, उत्तरप्रदेश में १७ जातियां जिनमें कहार, कश्यप, केवट, मल्लाह, निषाद, कुम्हार, प्रजापति, धीवर, बिंद, भर, राजभर, बाथम, तुरहा, गोड़िया, माँझी, धीमर व मछुआ को अन्य पिछड़ा वर्ग से हटा कर अनुसूचित जाति का अनुपात बढ़ाते हुए अनुसूचित जाति में शामिल किया जाये । ये जातियां शुरू से लड़ाकू रही हैं और इनके पूर्वजों ने मुग़लों और अंग्रेजों से लोहा लिया है और देश की आज़ादी में अपना योगदान दिया है । इन्हें नदी, पठार, बर्फ आदि कठिन क्षेत्रों में रहने का अनुभव है, इसलिए अग्निवीर योजना में ऐसी जातियों को शामिल किया जाए और अहीर, चमार, राजभर, पासी आदि रेजीमेंट बनाकर इनको सम्मान दिया जाये । साथ ही मेरी सरकार से माँग है कि आज़मगढ़ में अग्निवीर प्रशिक्षण केंद्र खोला जाए और यहाँ अग्निवीर जवानों को ट्रेनिंग देकर भारत की सीमा पर या जहां उनकी आवश्यकता हो वहाँ भेजा जाए । ये देश की रक्षा और सम्मान में कोई कमी नहीं आने देंगे ।